1780. राजस्थान के कितने जिलों में राष्ट्रीय बागवानी मिशन क्रियान्वित किया जा रहा है-

(a) 32 (b) 28
(c) 24 (d) 16

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (c) राजस्थान के 24 जिलों में राष्ट्रीय बागवानी मिशन क्रियान्वित किया जा रहा है। ये जिले हैं-,जयपुर, अजमेर, अलवर, चित्तौड़गढ़, कोटा, बारां, झालावाड़, जोधपुर, पाली, जालौर, बाड़मेर, नागौर, बांसवाड़ा, टोंक, करौली, सवाईमाधोपुर, उदयपुर, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, झुंझुनु, सिरोही, जैसलमेर तथा गंगानगर।

1781. राजस्थान में महात्मा ज्योतिबा फूले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना कब लागू की गई?

(a) 2010 (b) 2012
(c) 2015 (d) 2016

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (c) राजस्थान में महात्मा ज्योतिबा फूले मण्डी श्रमिक कल्याण योजना 2015 में लागू की गई थी। इस योजना के तहत कृषि मंडियों में पंजीकृत और कार्यरत महिला हम्माल और पल्लेदार के प्रसूति सहायता, मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति, दो पुत्रियों को विवाह सहायता तथा चिकित्सा सहायता धनराशि मिलती है, प्रसूति सहायता के अन्तर्गत महिला को 45 दिवस और पुरूष को को 15 दिवस कार्यदिवस मजदूरी के अमतुल्य राशि प्रदान की जाती है।

1782. महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रम-योजना के संबंध में राजस्थान ने वर्ष जून-जुलाई 2020 में कौन सा स्थान हासिल किया है?

(a) चौथा (b) तीसरा
(c) दूसरा (d) पहला

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (d) : महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रम-योजना के संबंध में राजस्थान ने वर्ष जून-जुलाई 2020 में पहला स्थान हासिल किया था। भारतीय संसद ने 2005 में नरेगा पारित किया जिसे 2 फरवरी 2006 को लागू किया गया। 2 अक्टूबर 2009 को इसका नाम बदलकर 'मनरेगा' कर दिया गया।

1783. 'स्माइल' कार्यक्रम का सम्बन्ध है-

(a) स्वास्थ्य क्षेत्र से (b) पेंशन वेलफेयर से
(c) शिक्षा क्षेत्र से (d) उद्योगों से

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : स्माइल (SMILE) कार्यक्रम का सम्बंध 'शिक्षाक्षेत्र' से है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने स्माइल (SMILE) नामक प्रोग्राम शुरू किया है। स्माइल प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के वॉट्सएप ग्रुप पर प्रतिदिन 9 बजे से वीडियों भेजे जायेगें। ये कक्षा1 से 12 तक के बच्चों के लिये होगा तथा 30-40 मिनट का ही कंटेट भेजा जायेगा।

1784. राजस्थान के किस शहर में राष्ट्रीय संचारी रोग केन्द्र (एन.सी.डी.) स्थित है?

(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) अलवर (d) अजमेर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : राजस्थान के अलवर शहर में राष्ट्रीय संचारी रोग केन्द्र (एन.सी.डी.सी.) स्थित हैं। यद्यपि इसकी स्थापना वर्ष 1909 में हिमांचल प्रदेश के कसौली में केद्रीय मलेरिया ब्यूरो के रूप में की गई थी। वर्ष 2009 में इसे NCDC में तब्दील कर दिया या। इसका मुख्यालय दिल्ली में है। इसकी आठ शाखायें है जो अलवर बेंगलुरू, कोजीकोड, कुन्नूर, जगदलपुर, पटना, राजमुंदरी और वाराणसी में स्थित है।

1785.राजस्थान में पंजीकृत कारखानों की संख्या वर्ष 1990 में लगभग कितनी थी?

(a) 5400 (b) 9900
(c) 16500 (d) 28300

उत्तर - (*) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या – प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान में पंजीकृत कारखानों की संख्या 6352 थी। वर्तमान में इनकी संख्या 14000 से अधिक है।

1786.राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई 'भागीरथ योजना' का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आधार क्या है?

(a)आर्थिक अभिप्रेरणा (b) स्व. अभिप्रेरणा
(c) सहकारिता की भावना (d) केन्द्रीय निर्देशन

उत्तर - (b) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या- राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई 'भागीरथ योजना' का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण आधार स्व. अभिप्रेरणा था।

1787.राजस्थान सरकार ने राजस्थान के किस क्षेत्र के 10 जिलों में 'गोपाल योजना' को लागू किया है?

(a) दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान (b) दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान
(c) उत्तर-पूर्व राजस्थान (d) पश्चिमी राजस्थान

उत्तर - (a) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या- राजस्थान सरकार ने राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान के 10 जिलों में 'गोपाल योजना' को लागू किया है। इस योजना का शुरूआत वर्ल्ड बैंक की सहायता से 2 अक्टूबर, 1990 को किया गया था।

1788.अपना गांव, अपना काम योजना प्रारंभ की गई–

(a) 1 दिसम्बर, 1990 को (b) 1 जनवरी, 1991 को
(c) 15 अगस्त, 1990 को (d) 2 अक्टूबर, 1991 को

उत्तर–(b) **RPSC RAS/RTS-1993**

RPSC RAS/RTS-1994-95

RAS/RPSC -2003

व्याख्या– अपना गांव अपना काम योजना की शुरूआत राजस्थान सरकार द्वारा 1 जनवरी, 1991 को की गयी। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य राज्य के गांवों के गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना एवं उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध करवाना, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों के लिए 30% राशि स्थानीय, समुदाय, पंचायत समिति उपलब्ध कराती है, शेष 70% राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती है।

1789. राजस्थान में दलित वर्गों के उत्थान के लिए आवश्यक है–

(a) वैधानिक संरक्षण
(b) संवैधानिक व्यवस्था
(c) अस्पृश्यता निवारण विधान
(d) विद्यमान विधानों का प्रभावी प्रवर्तन

उत्तर–(d) **RPSC RAS/RTS-1993**